विश्व पृथ्वी दिवस मनाया

मेड़ता सिटी, (निसं)। जी ब्रिलिएंट सेकेंडरी स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया संस्था प्रधान सरिता पुरोहित ने बताया कि प्राइमरी कक्षा के बच्चों को पेड़ पौधों को लगाने का तरीका बताया गया।

जूनियर छात्रो पृथ्वी को किस तरह से स्वच्छ रखा जाए उसके लिए शपथ दिलाई गई और पोस्टर प्रतियोगिता भी रखी गई जिसमें छात्रों द्वारा पोस्टर से पेड़ पौधे द्वारा पृथ्वी को ग्लोबल प्रभाव से कैसे बचाया जाए जिससे पृथ्वी का तापमान को कम किया जा सके और वातावरण में ऑक्सीजन और पानी की वृद्धि की जा सके व्यवस्थापक गौरीशंकर व्यास ने बताया कि पृथ्वी एक अनमोल धरोहर है जिसे हम सभी को आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ व संरक्षण रखना दायित्व बनता है।

बच्चों को हरी सब्जियां व फलों के फायदे बताया गया और शरीर के विकास में कितना योगदान रहता है। इस बारे में जानकारी दी गई इस कार्यक्रम में चेतना, राधा कंवर, श्वेता गहलोत, किरन जांगिड़, रेखा सिंह, कंचन, निशा पवार, जगदीश भाटी, रजत सिंह, हनुमान राम व इंद्र आदि उपस्थित रहे। अर्थ डे सेलिब्रेट करवाया गया पौधारोपण करवाए गए अर्थ डे पर ड्राइंग कंपटीशन करवाया गया और सभी बच्चों से अर्थ सुरक्षा पर्यावरण सुरक्षा पर शपथ दिलवाई गई। ग्रीनवे सब्जियों और फलों की जानकारी दी गई और बच्चों को सलाद बनाकर खिलाया गया।

जिला प्रशासन व सर्वधर्म मैत्री संघ मतदाता जागरुकता आमुखी कार्यक्रम आयोजित

मानव श्रृंखला और रैली निकाल कर किया जागरूक

अजमेर, (कासं)। जिला प्रशासन और सर्वधर्म मैत्री संघ के संयुक्त तत्वाधान में फॉदर कॉसमॉस शेखावत के नेतृत्व में प्रकाश जैन की अध्यक्षता में सेंट एंसलम्स स्कूल में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरुकता आमुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल से आए छात्र छात्राओं, शिक्षकों, आंगनवाड़ी सेविकाओं, रोटरी लायंस और अन्य संगठनों से आए पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मानव श्रृंखला और रैली निकाल कर लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 18 साल की उम्र के छात्र छात्राएं जो पहली बार वोट करने वालों को सपरिवार शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सद्स्यों और प्रबुद्धजनों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई। इसके पश्चात सेंट एंस्लम्स, सेंट मैरीज और सेंट फ्रांसिस स्कूल के छात्र छात्राओं की रैली को हरी झंडी दिखाकर स्कूल से रवाना किया। रैली में आगे तीनों स्कूल बैंड और स्वयं सेवी संस्थाएं शामिल हुई। रैली स्कूल से होते गोल चक्कर, केसरगंज मार्केट होते हुए मानव श्रृंखगा के रूप में सबको जागरूक किया, रैली का समापन स्कूल पर हुआ।

सर्वधर्म मैत्री संघ की जागरुकता रैली में शामिल पदाधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी तथा स्कूली बच्चे।

इस अवसर पर एसपी देवेंद्र कुमार, अभिषेक खन्ना सीईओ जिला परिषद, एसडीएम शिवाक्षी खंडाल, राजगढ़ धाम से चंपालाल महाराज, मोहम्मद अली बोहरा, स्वामी अशोक गाफिल प्रमुख धर्म गुरु उपस्थित रहे। सर्वधर्म मैत्री संघ के पदाधिकारीयों में डॉ लाल थदानी, सूरज गुर्जर, हरदीप सिंह, कश्मीर सिंह , दिलीप सिंह छाबड़ा, धम्म विक्रम सिंह, मेहमूद खान गोपाल कृष्ण वर्मा, दिलीप सिंह छाबड़ा, रवि कुमार चतुर्वेदी भीआदि ने व्यवस्था संभाली। फादर नेनसल ने आभार व्यक्त किया, मंच का संचालन प्रकाश जैन ने किया।

महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा आज से

अजमेर, (कासं)। श्री राम सेवा समिति एवं जन सेवा समित अजमेर व सर्वधर्म समिति के तत्वावधान में सात दिवसीय श्री श्याम शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ कथा 23 से 30 अप्रैल तक जेपी नगर सेक्टर-1 मदार स्थित श्री अन्नपूर्णेश्वर महादेव मन्दिर आयोजित की जाएगी। मंगलवार को कथा शुभारंभ के अवसर पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। पंडित दिनेश गुरु मनवार मालपुरा वाले कथा का वाचन करेंगे। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से सायं 7 बजे तक होगी। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि सोमवार को गंज मंदिर में आठ दिवसीय श्री श्याम शिवमहापुराणा ज्ञान यज्ञ कथा के आयोजन के प्रचार सामग्री का विमोचन करते किया गया।

लालवानी ने बताया कि कथा के शुभारम्भ पर मंगलवार को दिवस पर कलश यात्रा, पोथी पूजन, देव पूजन, कथा व्यास पूजन, शिवमहापुराण महात्मय, 24 को आदि शिवलिंग पूजन विधी, 25 को नारद,मोह धनपति,कुबेर का पूर्व चरित्र,चतुर्थ दिवस, 26 को संध्या देवी की कथा,सती चरित्र,शिव सत्ती विवाहोत्सव, पंचम दिवस 27 को पार्वती जी का प्राकटय महोत्सव तपस्या, श्री शिव पार्वती विवाह महोत्सव, 28 अप्रैल को माता पार्वती का ब्राम्हण पत्नि के द्वारा पति व्रतधर्म का उपदेश, विदाई, कार्तिकेय, श्री गणेश प्राकटय महोत्सव, 29 को त्रिपुरासुर वघ,जालंधर उजार, अंतिम दिवस 30 अप्रैल को प्रातः 10 बजे हवन यज्ञ से पूर्णाहूति का आयोजन किया जाएगा।

सार-समाचार

मतदाता जागरूकता रैली निकाली

मसूदा, (निसं)। सोमवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु आयोजित सतरंगी सप्ताह के तहत सहायक रिटर्निंग अधिकारी मसूदा कुलदीप सिंह शेखावत के निर्देशन में सतरंगी सप्ताह के छठे दिवस के दिन महिला रंगोली एवं महिला मार्च का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने वोट करूंगी तभी तो बढ़ूंगी स्लोगन का उच्चारण करते हुए पंचायत समिति मसूदा से सहायक रिटर्निंग अधिकारी शेखावत ने हरी झंडी दिखाकर महिला मार्च को रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी शेखावत ने पंचायत समिति परिसर में उपस्थित महिला एवं बाल विकास विभाग मसूदा एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 26 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने एवं वोटर को जागरूक करने हेतु शपथ दिलाई गई ।इस दौरान विकास अधिकारी मसूदा मधुसूदन सतरंगी सप्ताह प्रभारी हेमलता एवं महिला एवं बाल विकास विभाग मसूदा परियोजना अधिकारी कविता डाबी एवं सुपरवाइजर सुमित्रा माली एवं अन्य कर्मचारी गण एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

पक्षी परिंडा का वितरण किया

अजमेर, (कासं)। भारत विकास परिषद अजमेर मुख्य शाखा के सौजन्य से सोमवार को अलग-अलग जगह तीन स्थानों पर पक्षी परिंडा का वितरण किया गया। कोटडा स्थित कॉलोनी में घर-घर जाकर पक्षी परिंडा वितरण के साथ-साथ लोकमत परिष्कार के अंतर्गत आने वाली 26 तारीख को सभी को मतदान सुनिश्चित करने के लिए भी अनिल गोयल द्वारा आग्रह किया गया। पंचशील ए ब्लॉक व विशाल नगर, माकडवाली रोड स्थित 'भारत भवन' के आस पास पक्षी परिंडे वितरित कर सभी से निवेदन किया गया कि आने वाली गर्मी में पक्षियों को पीने के पानी की कमी ना हो इस हेतु नियमित रूप से अपने घर के खुले एरिया में पक्षी परिंडे में पानी भरा रखें। अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गोयल ने बताया कि मांग के अनुसार अगले सप्ताह और पक्षी परिंडो का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर परिषद के लगभग 50 सदस्य उपस्थित थे जिन्होंने वितरण के कार्य में सहयोग दिया। इस प्रकार घर-घर जाकर वितरण कर जागरूकता अभियान चलाने के लिए सभी ने भारत विकास परिषद की इस पहल की सराहना की।

कर्मिकों के लिए रात्रि आवास व्यवस्था

भीलवाड़ा, (नीसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत भीलवाडा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जिले की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 25 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से प्रथम सत्र में प्रशिक्षण प्रारंभ होगा। प्रथम सत्र में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र आसींद, सहाडा, जहाजपुर एवं मांडलगढ के लिए मतदान दलों में नियुक्त कार्मिक 24 अप्रैल को सायं या देर रात्रि तक जिला मुख्यालय पर पहुचेगे। जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने बताया कि उक्त मतदान दलों के कार्मिकों के रात्रि में आवास हेतु आदर्श विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय रोडवेज बस स्टेड के पास नेहरू रोड, महेश शिक्षा सदन उच्च माध्यमिक विद्यालय रोडवेज बस स्टेंड के पास नेहरू रोड, महेश शिक्षा सदन प्राथमिक विद्यालय रोडवेज बस स्टेंड के पास नेहरू रोड तथा वर्धमान माध्यमिक विद्यालय रोडवेज बस स्टेंड नेहरू रोड में आवास व्यवस्था की गई है।

सर्प को पुलिसमित्र टीम ने किया रेस्क्यू

पुष्कर, (निसं)। पुष्कर स्थित इजराइल बेत खाबाद हाउस में सर्प को देखकर पर्यटक घबरा गए सर्प को रेस्क्यू करने की सूचना पुष्कर में निस्वार्थ व निशुल्क काम करने वाली पुलिसमित्र टीम को दी गई टीम जिसपर पुलिसमित्र को दी गई जिसपर संज्ञान लेते हुए पुलिसमित्र की रेपिड रिस्पॉन्स यूनिट इंचार्ज अमित भट्ट के साथ स्नेक रेस्क्यूएर राजेन्द्र वच्चानी व मनीष कुमावत, मदन नायक तुरन्त ही मोके पर पहुचे । इसी दौरान सर्प पास रखी लकड़ियों में चला गया जिसे महज 5 मिनट में टीम के अनुभवी व कुशल स्नेक रेस्क्यूएर राजेन्द्र वच्चानी द्वारा पकड़ लिया गया व मौजूद पर्यटकों व उनके बच्चो को सांप के बारे में जानकारी देकर भयमुक्त किया गया। सूचना पर तुरन्त पहुचने पर इजराइल बेत खाबाद के रबाई सिमी द्वारा आभार प्रकट किया गया ।

विजयलक्ष्मी पाराशर भाजपा में शामिल

बिजयनगर, (निसं)। मेवाडा पेलेस में भाजपा ओबीसी मोर्चा अजमेर देहात सम्मेलन में महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षविजयलक्ष्मी पाराशर ने केबिनट मंत्री अविनाश गहलोत, गृह राज्य मंत्री, जवाहर सिंह बेडम की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुयी । विजयलक्ष्मी पाराशर को भाजपा में शामिल होने पर दुप्पटा व माला पहनाकर स्वागत किया । विजय लक्ष्मी पाराशर ने भाजपा में शामिल होने पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मिठूलाल रांका, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष कांता बुरड, पार्षद मनोहर कोगटा, पार्षद मनीष वैष्णव, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष केलास गुर्जर, नगरपालिका अध्यक्ष अनिता मेवाड़ा व मंडल अध्यक्ष अनिल बोहरा का आभार जताया।

फास्ट बालाजी के छप्पन भोग आज

शाहपुरा, (नीसं)। शाहपुरा जिला मुख्यालय पर बीएसएनएल टावर के पास स्थित फास्ट बालाजी के फास्ट बालाजी प्रबंधन समिति द्वारा 23 अप्रैल 2024 को हनुमान जन्मोत्सव मंदिर परिसर में धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव में सुंदरकांड पाठ एवं छप्पन भोग की झांकियां सजाई सजाई जाएगी। प्रबंधन समिति के महावीर कहार ने बताया कि फास्ट बालाजी मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें छप्पन भोग दोपहर 12.15 बजे महाआरती के साथ लगाया जायेगा। महोत्सव की तैयारियो को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

हनुमान जन्मोत्सव आज

रूपनगढ़, (निसं) । रूपनगढ़ के चौगानिया बालाजी मंदिर में तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव संगीतमय सुंदरकांड के साथ रविवार को आरंभ हुआ। बजरंग मानस मंडल के गोपाल सिंह भाटी ने बताया कि मंदिर परिसर में बजरंग मानस मंडल ने संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ किया। इससे पूर्व पूजा-अर्चना के साथ भगवान हनुमान को सिंदूरी चोला चढ़ाया गया। वही आरती व प्रसाद वितरण के साथ प्रथम दिवस के कार्यक्रम संपन्न हुए।

भाजपा बूथ शक्ति ही भाजपा को विजय बनायेगी: जवाहर सिंह बेडम

भाजपा ओबीसी मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करतेगृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम।

बिजयनगर, (निसं)। ओबीसी मोर्चा का सम्मेलन जिला अध्यक्ष कैलाश गुर्जर के नेतृत्व में सोमवार को मेवाड़ा फार्म हाउस में आयोजित किया गया । अपने संबोधन में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियां बताते हुए अधिक से अधिक भाजपा के लोकसभा प्रत्याशीभागीरथ चौधरी के पक्ष में मतदान करवाने की अपील की भाजपा की बूथ शक्ति को विजय का मूल मंत्र बताते हुए कार्यकर्ताओं को मतदान के दिन अधिक से अधिक मतदान करने अपने आसपास के मतदाताओं से मतदान करवाने अपील की। ओबीसी मोर्चा सम्मेलन में देवनारायण भगवान जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी महंत हेमराज पोसवाल,अविनाश गहलोत सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री राजस्थान सरकार, जवाहर सिंह बेडम गृह राज्य मंत्री राजस्थान सरकार, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गेदर, सरिता गेना, गणपत मुनीम, ओम प्रकाश जेदिया, अनीता मेवाड़ा चैयरमैन विजयनगर,आशीष सांड जिला कोषाध्यक्ष, अनिल बोहरा मंडल अध्यक्ष बिजयनगर , मुकेश कंवर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, प्रधान प्रतिनिधी सुरेन्द्र सिंह राठौड , प्रधान भिनाय सम्पत राज सुराणा ,प्रभु लाल जाट मण्डल अध्यक्ष रामगढ़, दाऊ शर्मा मण्डल अध्यक्ष भिनाय, हंसराज गुर्जर मण्डल अध्यक्ष नागौला,पार्षद मनीष वैष्णव, अमित मोदी, महेश रांका , मनोहर कोगटा विक्रम सिंह चौहान, विनोद कछावा ओबीसी समाज केभाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

अवैध कनेक्शन के लिए तोड़ी मुख्य पाइप लाइन

प्लंबर ने जल कनेक्शन किया शिफ्ट

- जलदाय विभाग के सहायक अभियंता ने कराया मामला दर्ज

अजमेर, (कासं)। दरगाह थाना क्षेत्र में मुख्य पाइप लाइन को तोडक़र अवैध रूप से जल कनेक्शन शिफ्ट करने का मामला सामने आया है। सूचना पर मौके पर पहुंची जल संसाधन विभागीय टीम ने मौका निरीक्षण किया और कनेक्शन करते हुए कनेक्शन शिफ्ट करने वाले प्लंबर रंगे हाथों पकड़ा भी, लेकिन वह मौका पा फरार हो गया। सहायक अभियंता ने दरगाह थाने में प्लंबर और कनेक्शन शिफ्ट कराने वाले के विरुद्ध शिकायत देते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता कन्हैयालाल जांगिड ने बताया कि दरगाह क्षेत्र में अवैध रूप से पाइप लाइन को तोडक़र जल कनेक्शन शिफ्ट करने की शिकायत मिली थी। प्लंबर द्वारा बिना परमिशन के सडक़ खोद कर मुख्य पाइप लाइन में अवैध जल कनेक्शन के किया जा रहा था। सूचना मिलते ही जल संसाधन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंची और प्लंबर को पकड़ा, लेकिन वह मौका देखकर भाग गया। जल संसाधन विभाग के कार्मिकों ने इसका वीडियो भी बनाया है। सहायक अभियंता जांगिड़ ने दरगाह थाने में अवैध जल कनेक्शन का मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

अजमेर शाखा की कार्यकारिणी गठित

- वार्षिक बैठक का हुआ आयोजन, सौंपी जिम्मेदारियां

अजमेर, (कासं)। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन अजमेर शाखा की वार्षिक बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में वर्ष भर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही कार्यकारिणी में शामिल नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया।

सलाहकार समिति प्रमुख अनीता गुप्ता, संरक्षक अध्यक्ष नामित खण्डेलवाल ने बताया कि सोमवार को कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी प्रकल्पों के कार्यों के क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की गई। राष्ट्रीय स्लोगन ग्रह हरित धारा हरित पर कार्य करने पर चर्चा की। इस अवसर पर अतिथि प्रदेश अध्यक्ष नामित खण्डेलवाल, सचिव डॉ. रानू गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनीता गुप्ता का स्वागत अजमेर की अध्यक्ष अम्बिका हेडा ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सभी सदस्यों को पौधे उपहार स्वरूप दिए गए। सचिव रागिनी खंडेलवाल ने बताया कि सभी आजीवन सदस्यों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

कार्यकारिणी टीम पर्यावरण प्रकल्प प्रमुख अंजू जाजू, सुशीला शर्मा महिला सशक्तिकरण प्रमुख रेनू सेन, रानी खंडेलवाल, बाल विकास प्रमुख आरती गुप्ता, सुषमा खंडेलवाल, अंगदान रक्तदान देहदान नेत्रदान प्रमुख सत्यवती मूरक्या, किरण गोयल, सदस्यता विस्तार प्रमुख सुनीता बढ़ाया, वित्त प्रबंध प्रमुख सुनीता खण्डेलवाल, साहित्य विस्तार प्रमुख अम्बिका हेडा, आध्यात्मिक चिंतन प्रमुख आशा रावत, उषा गुप्ता, संबंध समन्वय प्रमुख अम्बिका हेडा, स्वास्थ्य विस्तार प्रमुख रानी खण्डेलवाल, रश्मि गर्ग आदि उपस्थित रहीं।

जैन दिग्दर्शिका का विमोचन

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। आर के कम्युनिटी सेंटर में सकल दिगम्बर जैन समाज की और से प्रकाशित जैन दिग्दर्शिका 2024 का विमोचन आर के मार्बल ग्रुप के सुरेश पाटनी द्वारा किया गया। प्रधान संपादक गौरव पाटनी नें बताया की दिग्दर्शिका में किशनगढ़ में रहने वाले जैन समाज के करीब एक हजार परिवारो की पारिवारिक व व्यापारिक जानकारी के साथ युवक युवतियों का परिचय एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां समाहित की गई है।

इस अवसर पर मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, गुणसागर मार्बल ग्रुप से विमल पाटनी, महेंद्र पाटनी, आनंद कुमार अंकित बज, डूंगरमल पांडया, पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी, प्रकाश गंगवाल, विनोद चौधरी, सुभाष बड़जात्या, संजय पापड़ीवाल, राजेंद्र चौधरी, इंद्रचंद पाटनी, विकास पाटनी, जितेंद्र छाबड़ा, पंकज जैन, अंकुर पाटनी उपस्थित रहे। प्रधान संपादक पाटनी ने बताया कि समाजहितार्थ बुक सभी जैन परिवारो को जल्द निःशुल्क वितरण की जाएगी।

पृथ्वी दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

- बच्चों ने दिया पर्यावरण व आनासागर झील बचाने का संदेश
- संगठनों के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को सौंपा पीएम मोदी के नाम का ज्ञापन
- झील के अस्तित्व को बचाने की मांग

अजमेर, (कासं)। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर ग्रीन आर्मी अजमेर, ग्रीन गृहणी रोटरी क्लब अजमेर, रोटरी क्लब तथा माय क्लीन अजमेर संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण व आनासागर झील को बचाने का संदेश देने के लिए जागरुकता रैली निकाली गई। रैली आनासागर लिंक रोड स्थित पुरानी चौपाटी से शुरू हुई जो विभिन्न मार्गों से होते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंच कर संपन हुई। रैली में करीब दो सौ से अधिक स्कूली बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को आनासागर झील के अस्तित्व को बचाने के लिए प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन भी सौंपा गया।

कुलदीप सिंह गहलोत ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस अर्थात अर्थ डे को लेकर सोमवार को माय क्लीन स्कूल, ग्रीन आर्मी, ग्रीन गृहिणी रोटरी क्लब अजमेर, रोटरी क्लब पृथ्वीराज सहित अजमेर शहर की प्रबुद्धवर्ग की ओर से पर्यावरण संरक्षण व आना सागर झील को बचाने के लिए जागरुकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ आनासागर लिंक रोड के सामने वाली पुरानी चौपाटी पर 9:30 बजे हुआ। करीबन 200 विद्यार्थी आनासागर को बचाने का संदेश लिखे पोस्टर लिए व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए चल रहे थे। रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच कर संपन्न हुई।

जिला माय क्लीन स्कूल के सुरेश माथुर ने बच्चों को पर्यावरण सुरक्षित करने के विषय पर अपने विचार रख और सभी को पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई। जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का ज्ञापन सौंपकर आनासागर झील के अस्तित्व बचाने की मांग की। रैली का आयोजन चुनाव आयोग के द्वारा दिए गए निर्देशन के पालन अनुसार अनुशासित एवं संयमित रही।

पुष्कर अस्पताल का निरीक्षण

पुष्कर, (निसं)। सीएमएचओ जोशना रंगा ने पुष्कर अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने पुष्कर अस्पताल के चिकित्सा कर्मियों की और नर्सिंग कर्मियों की बंद कमरे में अलग-अलग बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

उत्तर पश्चिम रेलवे

निविदा सूचना

वरिष्ट मण्डल सामग्री प्रबन्धक, उ.प.रे., अजमेर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी और से **ई-निविदा संख्या 52245253** जिसकी बंद होने की **तारीख 13/05/2024 को 14:25 बजे** तक रहेगी, आमंत्रित कर रहे हैं। निविदाकार निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक ही अपनी मूल/संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पाएंगे ।मैनुअल (ई-निविदा के अलावा) प्रस्ताव इस निविदा के विरुद्ध मान्य नहीं होंगे। इस तरह के मैनुअल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। **1. आपूर्ति का विवरण:** Supply, Installation and Commissioning of Air Compressor 500 CFM as per Technical Specification Attached. **2. मात्रा:** 1 नग **3. निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक एवं समय:** ई-निविदा को 13/05/2024 को 14:25 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है। **4. वैबसाइट विवरण:** www.ireps.gov.in 474-AC/24

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

पृथ्वी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

शाहपुरा, (नीसं)। धरती हमारी मां है इसलिए अथर्ववेद में कहा है माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः आज व्यक्ति अपनी स्वार्थपरता में इतना आकंठ डूब चुका है कि वह अपनी धरती माता को भी दूषित करने में लगा हुआ है । जगह-जगह कचरे के ढेर, प्लास्टिक के ढेर आने वाले खतरे की घंटी को दर्शाता है । पृथ्वी दिवस मनाना उसी दिन सार्थक हो जाएगा जिस दिन प्रत्यय व्यक्ति संकल्प के साथ धरती माता को स्वच्छ, निर्मल और पावन बनाने में अपना योगदान देगा । यह बात फुलियां कलां उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा ने स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल शाहपुरा में आयोजित विश्व पृथ्वी दिवस कार्यक्रम गृह बनाम प्लास्टिक के अवसर पर बोलते हुए कही ।

जिला स्तरीय कार्यक्रम क्षेत्रीय वन अधिकारी शाहपुरा योगेश कुमार मीणा, स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य ईश्वर लाल मीणा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य कमलेश कुमार मीणा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में क्षेत्र वन अधिकारी योगेश कुमार मीणा ने सभी विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार सहित आसोप वन क्षेत्र में हिरण देखने हेतु आमंत्रित किया । वनपाल विश्राम मीणा ने कहा है कि विद्यालय के भैया बहनों के जन्मदिन पर वन विभाग उन्हें निशुल्क पौधा उपलब्ध करवाएगा । इस अवसर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता रही । पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में दीपिका बलाई प्रथम, आद्विक शर्मा द्वितीय, निधिश मृत्युंजय शंकर द्वितीय, दिलीशा बसेर तृतीया, आरुल सपूत तृतीया रहे । क्विज प्रतियोगिता में जैव मंडल टीम प्रथम, भूमंडल टीम द्वितीय, वायुमंडल टीम तृतीय रही । इस अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के तहत पृथ्वी दिवस पर वृक्षारोपण के साथ ही मतदाताओं को 100 मतदान करने की अपील की । कार्यक्रम में रुद्राक्षी शर्मा ने पेड़ बचाओ पर कविता प्रस्तुत की।

विद्यार्थियों ने पृथ्वी बचाओ को प्रदर्शित करने वाले मुखोटे पहनकर मानव श्रृंखला के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया।

हितांशु के मांडेला ने धरती को रखना हरा भरा यह जीवन धर्म हमारा, वृक्षों का रक्षण परिपोषण पावन कर्तव्य हमारा गीत प्रस्तुत किया । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने पृथ्वी बचाओ को प्रदर्शित करने वाले मुखोटे पहनकर मानव श्रृंखला के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया । वन विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभाग द्वारा बच्चों को पारितोषिक वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापिका सुधा चौहान ने किया । कार्यक्रम में वनपाल समीर कुमार, वनरक्षक महेंद्र कुमार कोली, श्यामू जाट, कंचन जाट, निधि शर्मा व विद्यालय परिवार के राजेश कुमार धाकड़, मनोज, आसिफ, नरेश पाल धाभाई, लोकेश चौधरी, बुद्धि प्रकाश मीणा, उमेश, परमेश्वर प्रसाद, मनीष कुमार, धर्मेंद्र, पर्वत सिंह कानावत, शिवराज जाट, प्रकाश धोबी, रवि कुमार मीणा, ललिता धाकड़, ज्योति मीणा, मंजू सेन, सोनम लड्ढा उपस्थित रहे।

व्यापारिक संगठनों की बैठक आयोजित

अजमेर, (कासं)। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियो ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मांग करते हुए बताया है कि अजमेर में नगर निगम और अजमेर विकास प्राधिकारण के किरायेदारो व लीज होल्डरो की समस्याओं का समाधान नहीं किए जाने से व्यापारियों और नागरिकों में रोष व्याप्त है।

श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के उपाध्यक्ष किशोर टेकवानी ने बताया कि व्यापारियो की लीज अवधि बडाने,पटटे जारी करने और किरयेदारो के पक्ष में निर्णय लेने लीज अवधि को बडाने, अनेक सम्पतियो के नगर निगम,अजमेर विकास प्राधिकारण एवं किसी संगठन के द्वारा आपसे विवादो के समाधान का सरकार की सम्पति होने पर समाधान करने की मांग की गई। महासंघ के महासचिव ने बताया कि अनेक दुकानदारो को खातेदारी में सरकार की जमीन एवं खसरा संख्या बताये जाने के बावजूद अन्य संगठनो के द्वारा गुमराह करके अथावा उनके परिवारजनो के वरिष्ठ नागरिको को गुमराह करके किराया वसूली की जाती रही है।इस प्रकार के अनेक प्रकरणो में सरकार को नगर निगम अथवा अजमेर विकास प्राधिकरण के माध्यम से खातेदारी के रेवेन्यू रिकार्ड में सरकार सम्पति होने पर उसको अपने अधिकार क्षेत्र में करने की प्राथमिकता से कार्यवाही करवाये जाने की मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से मांग की। पुलिस लाईन्स के अध्यक्ष रणवीर सैनी,डिग्गी बाजार के अध्यक्ष विजय गोयल,आगरा गेट के अध्यक्ष सुरेश तम्बोली,गुल छत्तानी, दरगाह बाजार के जोधा टेकचन्दानी,कचहरी रोड के किशोर टेकवानी,उत्तर धसेटी के चन्द्रप्रकाश कुन्दनानी, चितलेश बंसल सहित अन्य ने बताया कि इनमें स्टेशन रोड, कचहरी रोड, गांधी बाजार, केईएम बाजार, न्यू मैजेसिटक सिनेमा बाजार आदि। दुकानदारो की लीज अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद लीज अवधि बढ़ाने अथवा लीज अवधि का समाधान नही किया जा रहा है।

आम सूचना

मैसर्स गणेश मिनरल एण्ड केमिकल जो रजिस्ट्रार ऑफ फर्म जिला उद्योग केन्द्र नागौर में पंजीकृत है जिसका रजिस्ट्रेशन नं. 17/20/2017/136 है, फर्म का हेड ऑफिस बाई पास रोड़ बोरावड, मकराना तहसील मकराना जिला डीडवाना कुचामन, राजस्थान मे है। मैसर्स गणेश मिनरल एण्ड केमिकल में भागीदार नं. 1 श्रीमती प्रेम पत्नी लक्ष्मीनारायण निवासी तेड़वा भवन, बालाजी मन्दिर बोरावड़ तहसील मकराना भागीदार नं.2 रतनसिंह पुत्र श्री रामकुंवार सिंह निवासी राजपूत मोहल्ला मिंडकिया बोरावड़ तहसील मकराना जिला डीडवाना कुचामन राजस्थान है। भागीदार नं.2 रतनसिंह पुत्र श्री रामकुंवार सिंह निवासी राजपूत मोहल्ला मिंडकिया बोरावड़ तहसील मकराना अपनी स्वेच्छा से दिनांक 09.04.2024 को इस फर्म से रिटायर हो रहे है तथा श्रीमती कैलाश कंवर पत्नी रतनसिंह निवासी राजपूत मोहल्ला, मिंडकिया, बोरावड़ तहसील मकराना जिला डीडवाना कुचामन राजस्थान दिनांक 09.04.2024 को इस फर्म में नये भागीदार के रूप मे आ रहे है तथा श्रीमति प्रेम पत्नी लक्ष्मीनारायण कंटीन्यू भागीदार है। किसी आम जन को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर रजिस्ट्रार ऑफ फर्म जिला उद्योग केन्द्र नागौर मे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

मैसर्स गणेश मिनरल एण्ड केमिकल
मुख्य कार्यालय बाई पास रोड़ बोरावड, मकराना
जिला डीडवाना कुचामन राजस्थान